शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अन्सारी नगर, नई दिल्ली-११००२९ (भारत)
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
ANSARI NAGAR, NEW DELHI - 110029 (INDIA)

फा.सं.5-1/2023-हिं.अ.

दिनांक/Dated : 14.09.2023

# अपील

भारत के संविधान के अनुच्छेद 343 में हिंदी को संघ की राजभाषा का दर्जा दिया गया है क्योंकि यह देश के अधिकतर भू-भाग में बोली और समझी जाती है। इसलिए हमारा यह परम कर्तव्य होना चाहिए कि संघ के कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें।

14 सितम्बर, 2023 को हिंदी दिवस के अवसर पर मैं संस्थान के समस्त संकाय-सदस्यों/अधिकारियों/कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। साथ ही यह आग्रह भी करता हूँ कि वे रोजमर्रा के सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाएं और इसके प्रचार-प्रसार में प्रयत्नशील रहें। इस अवसर पर हम सभी हिंदी के विकास के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए प्रण लें ताकि भावी पीढ़ी को इसके लिए प्रेरणा मिल सके। स्वास्थ्य का विषय तकनीकी एवं वैज्ञानिक होने के साथ-साथ जन-साधारण से जुड़ा हुआ है। अतः जन-जन तक "स्वास्थ्य" पहुंचाने के हमारे लक्ष्य के लिए हिंदी एक प्रभावशाली माध्यम है। मैं इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आप सभी के बहुमूल्य योगदान की अपील करता हूँ।

धन्यवाद।

श्रीनिवास

(डॉ.एम.श्रीनिवास)
निदेशक

सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र।

दूरभाष : २६५८८५००, २६५८८७०० Telephones : 26588500, 26588700 फैक्स : २६५८८६४१, २६५८८६६३ Fax : 26588641, 26588663